**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या - 2444**

***सोमवार, 04 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)***

**उत्तर प्रदेश की ऋण उधारी और कर्ज**

**2444. श्रीमती डिम्पल यादव:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2017-18 से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से सभी रूपों में लिए गए ऋण की कुल राशि कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास इसी अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बाजार के अन्य स्रोतों से लिए गए ऋण से संबंधित कोई आकड़ा उपलब्ध है और यदि हां, तो स्रोत-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की वर्तमान बकाया देनदारियों से संबंधित कोई आकड़ा है और यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2018-19 से राज्य के ऋण रुझान का वर्ष-वार क्या हैं; और

(घ) उत्तर प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र का नवीनतम ऋण की तुलना में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अनुपात क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

**(क) से (ख)** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य बाजार स्रोतों से लिए गए ऋणों की कुल राशि **अनुबंध-I में संलग्न है।**

**(ग) से (घ)** आरबीआई द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 (बजट अनुमान) तक उत्तर प्रदेश की बकाया देनदारियां और उत्तर प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के नवीनतम ऋण की तुलना में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अनुपात क्रमशः **अनुबंध-II** और **अनुबंध-III में संलग्न है।**

*****

**दिनांक 04.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2444 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I**

**वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और अन्य बाजार स्रोतों से लिए गए ऋणों की कुल राशि**

(रुपये करोड़ में)

| **वित्तीय वर्ष** | **आरबीआई के माध्यम से जुटाए गए बाजार ऋण** | **विशिष्ट परियोजनाओं के लिए विभिन्न वित्तीय संस्थानों से समझौता के आधार पर लिए गए ऋण** |
|---|---:|---:|
| 2017-18 | 41,600 | 1,780 |
| 2018-19 | 46,000 | 4,791 |
| 2019-20 | 69,703 | 2,851 |
| 2020-21 | 75,500 | 3,177 |
| 2021-22 | 62,500 | 2,503 |
| 2022-23 | 55,612 | 2,412 |
| 2023-24 | 97,650 | 3,250 |
| 2024-25 | 45,000 | 2,302 |

**दिनांक 04.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2444 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-II**

**वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक उत्तर प्रदेश की कुल बकाया देनदारियों का विवरण (बजट अनुमान)**

(रुपये करोड़ में)

| वित्तीय वर्ष | कुल बकाया देनदारियां |
|---|---:|
| 2017-18 | 5,17,585 |
| 2018-19 | 5,67,777 |
| 2019-20 | 5,49,559 |
| 2020-21 | 6,00,109 |
| 2021-22 | 6,46,321 |
| 2022-23 | 6,93,865 |
| 2023-24 (आरई)* | 7,88,464 |
| 2024-25 (बीई)# | 8,57,844 |

* आरई - संशोधित अनुमान

# बीई - बजट अनुमान

**दिनांक 04.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2444 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-III**

**राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नवीनतम ऋण की तुलना में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) अनुपात का विवरण**

(प्रतिशत में)

| **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** | **वित्त वर्ष 2024-25 (ब.अ.)** |
|---|---:|
| 1. आंध्र प्रदेश | 34.7 |
| 2. अरुणाचल प्रदेश | 57.0 |
| 3. असम | 27.5 |
| 4. बिहार | 37.3 |
| 5. छत्तीसगढ़ | 29.1 |
| 6. गोवा | 30.2 |
| 7. गुजरात | 17.9 |
| 8. हरियाणा | 30.4 |
| 9. हिमाचल प्रदेश | 45.2 |
| 10. झारखंड | 26.6 |
| 11. कर्नाटक | 26.5 |
| 12. केरल | 36.8 |
| 13. मध्य प्रदेश | 31.6 |
| 14. महाराष्ट्र | 19.0 |
| 15. मणिपुर | 36.7 |
| 16. मेघालय | 39.0 |
| 17. मिजोरम | 31.6 |
| 18. नागालैंड | 40.0 |
| 19. ओडिशा | 16.3 |
| 20. पंजाब | 46.6 |
| 21. राजस्थान | 35.8 |
| 22. सिक्किम | 35.0 |
| 23. तमिलनाडु | 30.3 |
| 24. तेलंगाना | 26.2 |
| 25. त्रिपुरा | 27.9 |
| 26. उत्तर प्रदेश | 31.8 |
| 27. उत्तराखंड | 24.2 |
| 28. पश्चिम बंगाल | 38.0 |
| 29. जम्मू एवं कश्मीर | 33.6 |
| 30. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 1.3 |
| 31. पुद्दुचेरी | 26.8 |